# चित्रकूट बाढ़ की समीक्षा के लिए रीवा पहुंचे मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचे। यहां वे चित्रकूट क्षेत्र में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ और लगातार अतिवृष्टि से हुए नुकसान की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री रविवार को सतना जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भौतिक रूप से निरीक्षण कर राहत और बचाव कार्यों का जायजा लेंगे।



चित्रकूट में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण मंदाकिनी नदी उफान पर आ गई। बाढ़ से जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनी। प्रशासन, एसडीआरएफ की टीम और अन्य बचाव दल राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। बाढ़ के कारण रामघाट से हनुमान धारा जाने वाले मार्ग पर स्थित पुराना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने के लिए सेना के हेलीकॉप्टरों की भी मदद ली जा रही है। प्रशासन ने चित्रकूट में छह आश्रय स्थल बनाए हैं, जहां बाढ़ प्रभावित लोगों के ठहरने, भोजन और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार मंदाकिनी नदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, हालांकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रशासनिक अमला अलर्ट पर है। मुख्यमंत्री प्रभावित नागरिकों से भी संवाद कर राहत व्यवस्था और नुकसान की स्थिति की जानकारी लेंगे तथा आवश्यक निर्देश देंगे।

# राशन दुकान में अव्यवस्था पर कलेक्टर सख्त दो अधिकारियों को नोटिस के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शाहपुरा क्षेत्र में आयोजित जन कल्याण शिविर के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने शनिवार को कई सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान एकता महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार में अनियमितताएं और अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सहायक आपूर्ति अधिकारी वसुंधरा पेंडो और वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक सपना गुहा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने राशन दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने नमक के पैकेट को स्वयं हाथ में लेकर देखा और इसकी गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही गेहूं सहित अन्य अनाज की स्थिति का भी जायजा लिया।

इससे पहले शाहपुरा सी सेक्टर स्थित जोन क्रमांक 6 कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर में नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। स्थानीय लोगों ने नाला निर्माण की मांग रखी, जिस पर अधिकारियों ने सोमवार से कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि कॉलोनियों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में कॉलोनी सेल बनाया गया है। उन्होंने नागरिकों से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन गठित करने की अपील की, ताकि समस्याओं का प्रभावी निराकरण हो सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र, नगर निगम ट्रांसफर स्टेशन, शासकीय प्राथमिक शाला छावनी शाहपुरा और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# ओरछा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक आज से

## संगठन मजबूती और विकसित भारत के संकल्प पर होगा मंथन

**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक 30 और 31 अगस्त को निवाड़ी जिले की ऐतिहासिक नगरी ओरछा में आयोजित होगी।

रामराजा सरकार की पावन नगरी में होने वाली इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

होटल रामराजमहल और राज विलास में आयोजित बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, प्रशिक्षण कार्यक्रम, आगामी राजनीतिक रणनीति और पार्टी के जनसंपर्क अभियानों को लेकर मंथन होगा। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन देंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, संभाग प्रभारी और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत 30 अगस्त को पंजीयन और अल्पाहार के साथ होगी। इसके बाद ध्वजारोहण, प्रदर्शनी उद्घाटन और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के बाद राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा होगी। दोपहर के सत्र में संगठनात्मक विषयों के साथ 'समरसता का संकल्प' और 'विकसित भारत 2047' जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान सेवा, संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना को लेकर भी रणनीति बनाई जाएगी। पार्टी पदाधिकारी केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।

31 अगस्त को 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके बाद समापन सत्र में बैठक के निष्कर्षों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। भाजपा की यह प्रदेश कार्यसमिति बैठक संगठन की दिशा तय करने और जमीनी स्तर पर पार्टी को और मजबूत करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# झूलेलाल मंदिर में स्वामी शांति प्रकाश का 120वां जन्मोत्सव मनाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** झूलेलाल मंदिर में स्वामी शांति प्रकाशजी महाराज का 120वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन सिंधु नव जागरण समिति, स्वामी शांति प्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट, झूलेलाल कल्याण मंडल सेवा समिति और सिंधु जाग्रति सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी शांति प्रकाशजी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना और माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायकों भगत कमल खत्री और निलेश गंगवानी ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर सिंधु नव जागरण समिति के अध्यक्ष नरेश चोटरानी, क्षेत्रीय पार्षद अशोक मारन, धर्मशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष माधू चांदवानी तथा राजकुमार वाधवानी ने संयुक्त रूप से केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। वक्ताओं ने श्रद्धालुओं को स्वामी शांति प्रकाशजी महाराज के प्रकटोत्सव और रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# भोपाल में इंद्रिया ने खोला पहला स्टोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** आदित्य बिरला ज्वेलरी के ब्रांड इंद्रिया ने भोपाल में अपना पहला स्टोर शुरू किया है। यह मध्य प्रदेश में कंपनी का चौथा स्टोर है। मालवीय नगर में रोशनपुरा चौराहे के पास स्थित स्टोर में 37,000 से अधिक आभूषण डिजाइनों का संग्रह उपलब्ध है।

कंपनी के सीईओ संदीप कोहली ने कहा कि भोपाल में स्टोर की शुरुआत मध्य प्रदेश में कंपनी की विस्तार यात्रा का महत्वपूर्ण कदम है। इंद्रिया भारतीय कारीगरी की परंपरा को आधुनिक डिजाइन और बेहतर खरीदारी अनुभव के साथ जोड़ रही है।

स्टोर में दुल्हनों के लिए विशेष आभूषण, त्योहारों के कलेक्शन, आधुनिक स्टेटमेंट ज्वेलरी और रोजमर्रा पहनने के हल्के आभूषण उपलब्ध हैं। कारीगरी रूम और ब्राइडल लाउंज जैसी सुविधाएं ग्राहकों को व्यक्तिगत खरीदारी अनुभव देंगी। कंपनी के अनुसार, मध्य प्रदेश उसके लिए महत्वपूर्ण बाजार है और भोपाल स्टोर के जरिए मध्य भारत में उपस्थिति मजबूत होगी।

# घुमंतू समाज को मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताः शुक्ल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विमुक्त, अर्ध-विमुक्त एवं घुमंतू समाज को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उक्त बातें उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शनिवार को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में घुमंतू विभाग रीवा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय घुमंतू कार्य सम्मेलन में कही।

सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि घुमंतू समाज का भारत के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को सहेजने में अतुलनीय योगदान रहा है। मुगलों के खिलाफ युद्ध में यह समाज योद्धाओं के पीछे एक मजबूत दीवार बनकर खड़ा रहा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन का उल्लेख करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच जातीं, तब तक हमारा मिशन अधूरा है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू परिवारों का पारदर्शी सर्वे व जनगणना, शिविर लगाकर पात्र नागरिकों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने, भूमिहीन परिवारों को आवास हेतु पट्टा उपलब्ध कराने तथा पीएम आवास प्लस के तहत पक्के मकान की स्वीकृति पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे भोपाल स्थित मंत्रालय एवं जिला स्तर पर होने वाली नियमित समीक्षा बैठकों में घुमंतू कल्याण के एजेंडे की स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर क्षेत्रों में नल से जल पहुंचाना और रीवा में टाटा कैंसर अस्पताल मुंबई की तर्ज पर कैंसर अस्पताल का निर्माण होना भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी भारत की होगी और वैश्विक अशांति के दौर में भारत एक आर्थिक व सांस्कृतिक महाशक्ति बनकर उभरना पूरे विश्व के कल्याण के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा अतिथियों का पारंपरिक स्वागत एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।



रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर शनिवार से संस्कृति विभाग की ओर से 'रासलीला समारोह' का आयोजन आरंभ किया गया। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रास प्रसंगों को मंच पर जीवंत करने कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

# शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

- नीलम पार्क में जुटे वेटिंग उम्मीदवार, दूसरी काउंसलिंग कराने की मांग
- राजपत्र के अनुसार स्वीकृत रिक्त पदों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शिक्षक भर्ती-2025 में रिक्त पदों को शामिल करने और पदवृद्धि की मांग को लेकर उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती वर्ग-1 के वेटिंग अभ्यर्थियों ने शनिवार को भोपाल के नीलम पार्क में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व क्षेत्रीय विधायक आरिफ मसूद भी पहुंचे और अभ्यर्थियों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान करने की मांग की।

आरिफ मसूद ने कहा कि इस विषय को राजनीतिक दृष्टि से देखने के बजाय सरकार को अभ्यर्थियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपने स्तर पर पूरा प्रयास करने का भरोसा भी दिलाया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती वर्ग-1, वर्ष 2023 में पद बढ़ाकर दूसरी काउंसलिंग कराने की मांग की। अभ्यर्थियों के अनुसार, भर्ती प्रक्रिया में कुल 8,720 पदों का उल्लेख किया गया था, लेकिन सीधी भर्ती के लिए केवल 5,053 पद रखे गए। इससे अनेक सफल उम्मीदवार प्रतीक्षा सूची में रह गए। अभ्यर्थियों ने मांग की कि स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग में राजपत्र के अनुसार स्वीकृत रिक्त पदों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाए। उनका कहना है कि करीब छह वर्ष बाद आयोजित भर्ती प्रक्रिया में पात्रता परीक्षा और चयन परीक्षा, दोनों में सफल होने के बाद भी नियुक्ति का इंतजार करना पड़ रहा है।

# गांधीनगर में रक्षाबंधन महोत्सव, बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को बांधी राखी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** गांधीनगर स्थित सागर पब्लिक स्कूल परिसर में शनिवार को रक्षाबंधन महोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में गांधीनगर सहित आसपास के क्षेत्रों की हजारों माताओं और बहनों ने सहभागिता की और विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधकर स्नेह एवं विश्वास प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने बहनों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने महिला आरक्षण को इसी दिशा में एक बड़ा प्रयास बताया। शर्मा ने कहा कि बेटियों और बहनों को धर्म, संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जोड़े रखना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्कार और जागरूकता के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सकता है। महोत्सव में पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# रविवार को भी खुले रहेंगे निगम कार्यालय, संपत्तिकर में 6 प्रतिशत छूट के लिए दो दिन शेष

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर पर दी जा रही 6 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ लेने के लिए अब केवल दो दिन शेष हैं। करदाताओं की सुविधा को देखते हुए निगम प्रशासन ने रविवार, 30 अगस्त को अवकाश के बावजूद शहर के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया है।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे रविवार और सोमवार को अपने संपत्तिकर सहित अन्य देय करों एवं शुल्कों का भुगतान कर विशेष छूट का लाभ उठाएं। करदाता निगम के किसी भी वार्ड कार्यालय में जाकर कर जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम से भी करों का भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध है।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने राजस्व अमले को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक करदाताओं तक 6 प्रतिशत की विशेष छूट की जानकारी पहुंचाई जाए और उन्हें समय सीमा के भीतर संपत्तिकर जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए।

# मेजर ध्यानचंद को याद कर छात्राओं ने लिया खेल भावना अपनाने का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने खेलों के महत्व और मेजर ध्यानचंद के योगदान को याद किया।

स्पोर्ट्स कैप्टन तनिषा डोगरा ने विद्यार्थियों से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल चुनौतियों का सामना करने, अपनी क्षमताओं को पहचानने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर आधारित प्रेरणादायी नाटक प्रस्तुत किया। वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन प्रेरणा जाट ने विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व और संघर्षशीलता जैसे गुणों का विकास करते हैं।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ताप्ती घोघरकर पत्नी श्री ओमप्रकाश घोघरकर एवं श्री ओमप्रकाश घोघरकर आत्मज श्री शंकर घोघरकर निवासीगण म.न. 22 ईएफ, गऊघाट कालोनी, उज्जैन के स्वामित्व की संपत्ति एक किता आवासीय मकान क्रमांक म.न. 34 खसरा नंबर 86-87/1 स्थित विनायक सिटी ग्राम खेजडा बरामद, प. ह.न. 21 वार्ड नंबर 74 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट जिस पर एक मंजिला आरसीसी मकान निर्मित है को क्रय करने के संबंध में मेरे पक्षकार श्रीमती राधिका थापा पत्नी श्री कमल कुमार थापा निवासी एमआईजी बी-टाईप, डी-107 अयोध्या नगर भोपाल एवं आपके (संपत्ति मालिक) के मध्य करार हुआ है और मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंक, संस्था, वित्तीय संस्थान आदि विक्रय, गिरवी दान, आदि हो या किसी प्रकार का पारिवारिक विवाद या किसी का लेनदेन, वाद विवाद हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर लिखित रूप से साक्ष्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। समयावधि पूर्ण होने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नही की जायेगी एवं मेरा पक्षकार सदभाविक क्रेता उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में पंजिकृत कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**ARVIND RAJPOOT, ADVOCATE**
Mob. No.977020116
Office- Shop No. 4, Infinity Shopping Complex, Danish, Kunj, Bhopal (M.P.)

1443

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अधिवक्ता दीपक गौतम पुत्र श्री रामकृष्ण गौतम मकान नंबर 27, ग्राम घाटखेड़ी, तहसील हुजूर, भानपुर मोबाइल नं. 7999759182, क्षेत्र-भोपाल ने भूमि स्वामी श्रीमती अनीता कुमारी, पत्नी स्वर्गीय श्री राजीव रंजन प्रसाद, निवासी ग्राम चुल्हाई चक जलालपुर, पटना, बिहार 801105 के साथ एक अनुबंध निष्पादित किया था, जिसके अंतर्गत भूमि स्थित खसरा न. 75/1/1/1/1/1/1/1(S), भू भाग-760/3000 ग्राम घाटखेड़ी, पटवारी हल्का इमलीया, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, का विक्रय मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जाना था। परंतु, उक्त अनुबंध के बावजूद विक्रेता द्वारा अब उक्त अनुबंध के अनुसार विक्रय विलेख निष्पादित करने से अनुचित रूप से इंकार/टालमटोल किया जा रहा है तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में अनुबंधित विक्रय को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त अनुबंध विद्यमान है तथा मेरे पक्षकार का उक्त संपत्ति में वैध एवं संविदात्मक अधिकार है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में विक्रेता अथवा उसके माध्यम से कोई व्यक्ति किसी प्रकार का विक्रय, अधिकार सृजन अथवा किसी भी प्रकार का भार सृजित न करे तथा उक्त संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पूर्व मेरे पक्षकार के अधिकार एवं हितों की पूर्णतः जांच एवं पुष्टि करे।

**Rachit Gupta, Advocate**
125, Laxmi Plaza, MP Nagar-2, Bhopal
Contact:6267841474

1442